# सड़कों से निकलना जोखिम मौल लेना

**खास बातें**
- बाईपास सड़कों की हालत खराब
- घटिया निर्माण की कई बार हो चुकी शिकायत



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 1 जुलाई, गंजबासौदा की बाईपास सड़कों की हालत बहुत खराब है घटिया निर्माण होने के कारण यह स्थिति बनती है रेलवे स्टेशन पूर्वी कॉलोनी रोड की हालत बहुत बदहाल स्थिति में है.रेलवे अंडर ब्रिज से लेकर त्योंदा रोड तक सड़क का घटिया निर्माण हुआ था. पूरा जगह-जगह से डामर उखड़ गया और पानी में बह गया पूर्वी रेलवे कॉलोनी के निवासियों ने बताया की जब सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था सभी ने विरोध जताया था और संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन दिया था.**

घटिया निर्माण कराए जाने का परंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया. अब अब बरसात में उन गढ़ों में पानी भर गया. जिससे आवा गमन में लोगों को परेशान इस रोड से वाहनों का आना जाना लगा रहता है.इसके पीछे एक कारण और बताया जा रहा है की जो कॉलोनी बन रही है.भारी वाहन इसी रोड से निकलते हैं.इससे यह सड़क क्षतिग्रस्त होती रहती है.सड़क निर्माण के दौरान क्वालिटी का ध्यान नहीं रखा गया.इस कारण सड़क टूट फूट रही हैं इसके अलावा लाल पठार रोड, बहलोट रोड की भी यही हालत है अब यह रोड फिर से बन रहे हैं. स्वीकृति भी भी हो चुकी है बरसात बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल ठेकेदार सड़कों के ठेके पेटी कॉन्टैक्टर के माध्यम से बनवाने लगे हैं. भ्रष्ट ठेकेदारों की न तो जांच होती है और भुगतान भी नहीं रुकता.

# बीना नदी में डूबने से बालक की मौत

## 6 घंटे रेस्क्यू के बाद मिला शव



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 1 जुलाई**, थाना अंतर्गत ग्राम दान खेड़ी निवासी लव कुर्मी उम्र 6 वर्ष पिता दिनेश कुर्मी सोमवार को शाम 4 बजे दान खेड़ी घाट के रिपटा से गुम हो गया था प्राप्त जानकारी के अनुसार लव कुर्मी परिजनों के साथ बीना नदी पर ट्रैक्टर धोलवाने के लिए गया था.जहां से वह घर जाने की कहकर चला गया. लेकिन जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पठारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी.जिसकी तलाश पुलिस एवं परिजनों द्वारा की जा रही थी. मंगलवार सुबह विदिशा से आई रेस्क्यू टीम द्वारा बिना नदी के दान खेड़ी घाट पहुंचकर तलाश शुरू की विदिशा से आए सेनानी मयंक जैन के मार्गदर्शन में टीम प्रभारी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा द्वारा टीम के 16 सदस्यों ने एवं पठारी पुलिस द्वारा लगभग 6 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद लव कर्मी का शव बीना नदी दानखेड़ी घाट पुल के पास मिला.जिसको पठारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.जहां शव पीएम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया.

## एक नजर में

### पंचतत्व ने किया पौधों का रोपण

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा**, स्थानीय शासकीय एकीकृत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंचतत्व संरक्षण समिति ने कदम ओर अशोक के पौधों का रोपण स्कूल के बच्चों ओर प्रधानाध्यापक अनिल दुबे के साथ किया जिनमें पानी देने का संकल्प स्कूल के स्टाफ ने लिया पौधे पंचतत्व ने उपलब्ध कराए और उनकी सुरक्षा के आयरन ट्री गार्ड विद्यालय ने दिए , इस समय स्कूल प्रधानाध्यापक अनिल दुबे, मधुर श्रीवास्तव, नेतराम मिश्रा श्रीमती रुचिता यादव ,मनोज भार्गव पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, रणवीर सिंह , बृजेंद्र दांगी भगत सिंह एवं छात्र उपस्थित थे.

### बैकों में जांच करने पहुंची पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**सांची**,नगर भर की बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सांची पुलिस पहुंची एवं नगर की सभी बैंक में पंहुच कर बैंक अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की तथा बैंक अधिकारियों को सतर्क रहने का सुझाव दिया.

# जलगंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन



**नवभारत न्यूज**
**नटेरन,** जनपद पंचायत नटेरन के सभा कक्ष में जलगंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ. जनपद पंचायत नटेरन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीतेन्द्र धाकरे, संग्राम सिंह रघुवंशी अध्यक्ष नटेरन मंडल भाजपा, अंशुज शर्मा सेऊ जनपद सदस्य, अभियंता सहस्पुतरे ,श्रीमती अर्चना सिंह परियोजना अधिकारी मनरेगा के सभी अधिकारी कर्मचारी सरपंच सचिव उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए.

# चिकित्सक के रूप में सेवा दे रहे पूर्व छात्र सम्मानित




## निर्मला कॉन्वेंट में मना डॉक्टर्स डे

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में देश के अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सक के रूप में अपनी सेवायें दे रहे संस्था के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया. शिक्षिका असमा सादिक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया. विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं प्राचार्य सिस्टर टेंसी द्वारा आमांत्रित चिकित्सकों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया गया. इसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा चिकित्सकों को समर्पित लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई. एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में डॉ. सुजा बेग, डॉ. रूपेन्द्र साहू, डॉ. पूजा रघुवंशी, डॉ. अंकित रघुवंशी, डॉ. आयुषी जैन, डॉ. मोहित जैन, डॉ. कलीम उल्लाह, डॉ. इतिशा अग्रवाल, डॉ. इश्मत खां उपस्थित रहे. जिन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा किये तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया. कार्यक्रम में आभार छात्रा सिद्धी रघुवंशी ने जताया. इस दौरान विद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

# कुश जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

## नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की तहसील इकाई द्वारा मंगलवार को रायपुरा क्षेत्र स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई.बैठक में कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा की उपस्थिति विशेष रही. उन्होंने आगामी कुश जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए समाजजनों से संवाद करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की.बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर वार्ड स्तर पर नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय लिया गया, ताकि समाजहित में बेहतर समन्वय और सक्रियता लाई जा सके.इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद कुशवाहा, सुरेश कुशवाह, गोलू कुशवाह, हल्लू कुशवाह, बब्लू कुशवाह, शैतान सिंह कुशवाह, कल्लू कुशवाह, दीपकमल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे.कार्यक्रम का संचालन तहसील महामंत्री बब्लू संजीव कुशवाहा ने किया, जबकि अंत में तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया.




# शिक्षा के नये आयाम गढ़ता सीआईएसटी कॉलेज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, सीआईएसटी कॉलेज के संचालक आनंद शरण ने बताया कि सीआईएसटी कॉलेज विदिशा में 15 वर्षों में सफलता के नए पड़ाव हासिल किये है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में संस्था ने बीबीए पाठ्यक्रम को एआईसीटी दिल्ली से अनुमोदन एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय डीटीई एवं बरकतउल्लाह विश्विद्यालय भोपाल से संबद्धता प्राप्त कर बीबीए पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया है.**12 वी के बाद आर्ट्स कॉमर्स साइंस विषयो से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए बीबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपने कैरियर को बनाने का एक बेहतर विकल्प है.बीबीए करने वाले विद्यार्थियों के फ्यूचर प्रोस्पेक्टर शानदार होते है बीबीए उत्तीर्ण करने के पश्चात सरकारी जॉब्स के साथ साथ मल्टीनेशनल कम्पनियो में जॉब्स के कई सरे विकल्प मौजूद है.बीबीए के बाद छात्र विभिन्न क्षेत्रो में काम कर सकते है जैसे मार्केटिंग,फाइनेंस , ह्यूमन रिसोर्स उद्दिमता में फाइनेंस मैनेजर, मार्केटिंग मैनेजर,सेल्स मैनजेर के पद पर कार्य कर सकते है बीबीए एक लोकप्रिय और उपयोगी कोर्स है.जो छात्रों को व्यवसाय प्रवन्धन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए तैयार करता है.बीबीए 3 साल का अंडर ग्रेजुएट कोर्स है जो बिजनेस एडमिनिस्टर और मैनेजमेंट में छात्रों को प्रशिक्षित करता है.इसे बैचलर ऑफ़ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेटिव भी कहा जाता है.यह एक प्रोफेसनल डिग्री कोर्स है.जो विद्यार्थियों को कौशल के आधार पर अच्छी कम्पनियो में प्लेसमेंट प्रदान कर सकता है बीबीए के बाद उच्च शिक्षा हेतु आप एमबीए,पीजीडीएम , का भी विकल्प चुनकर औसतन 05 एलपीए से लेकर 10+ एलपीए तक अच्छा वेतन पैकेज प्राप्त कर सकते है.अधिक जानकारी के लिए सीआईएसटी कॉलेज अरिहंत विहार कॉलोनी विदिशा में संपर्क कर सकते है.

# फसल बीमा सप्ताह का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत विकासखंड नटेरन में कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई का शुभारंभ किया गया. जिसमें कृषकों को फसल बीमा योजना के बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई एवं कार्यक्रम में फसल बीमा केक तहसीलदार नटेरन श्री आनंद जैन एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ओपी तिवारी द्वारा काटा गया. कार्यक्रम में फसल बीमा के तहसील स्तरीय समन्वयक शुभम मीणा, जितेंद्र यादव एवं कार्यालय प्रभारी सत्यम नेमा आदि मौजूद थे.

# 100 करोड़ से अधिक की सिंचाई योजनाओं को मिली स्वीकृति

## विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को सौंपा योजना का प्रोजेक्ट

**नवभारत न्यूज**
**गंजबसौदा,** विधानसभा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ से अधिक की सिंचाई योजना का प्रोजेक्ट यदि स्वीकृत होता है तो हजारों किसान इससे लाभान्वित होंगे क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कृषि मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से सौजन्य भेंट कर एक प्रोजेक्ट सहित मांग पत्र सौंपा है. केंद्रीय मंत्री की सहमति के बाद इसके शीघ्र स्वीकृत होने की उम्मीद लगाई जा रही है. यह प्रोजेक्ट सफल हुआ तो ग्यारसपुर गंजबासोदा विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा.विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने सांसद एवं कृषि मंत्री भारत सरकार माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान को दिए मांग पत्र में बताया है कि क्षेत्र के कृषकों को कृषि सिंचाई में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है.पूर्व में जो प्रस्तावित सिंचाई योजना है उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिलती है तो किसानों का सिंचाई का रास्ता आसान हो जाएगा प्रस्तावित योजना में ग्यारसपुर की बावना मध्यम प्रेंशराईज सिंचाई योजना है, जिसकी अनुमानित लागत 43263.25 लाख प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र 8500.00 हेक्टयर है. इसमें 41 ग्राम की सूची संलग्न है. लागत प्रति हेक्टयर 4.50 लाख प्रति हेक्टयर है.इसकेअलावा बेतवा बृहद प्रेशराईज सिंबाई योजना है इसकी अनुमानित लागत 70002.18 लाख है.लाभान्वित ग्राम 43 ग्राम जिनमें से 21 ग्राम गंजबासौदा विधानसभा के भी लाभान्वित होगे, जैसे ग्राम पबई, गमाखर, महागौर, सलोई , ललोई , बड़ागांव, नौघई, आदि ग्राम शामिल हैं इनकी सूची भी कृषि मंत्री को सौंपी गई है.इसमें प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र 17100.00 हेक्टयर लाभान्वित कृषकों की संख्या 3000 है. इसके अलावा ग्राम चौरावर के समीप बेतवा बैराज प्रस्तावित है, जिसके सर्वे हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है. परियोजना की जल भराव क्षमता 50 मिमी आंकलित की जाकर 15000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है. इससे चौरावर सहित आस-पास के ग्रामों में कृषक लाभान्धित होगें.

### 2400 किसानों को मिलेगा लाभ

योजना की स्वीकृत होने से 2400 किसान लाभान्वित होंगे इसकी लागत प्रति हैक्टेयर के के मान से 5.09 लाख प्रति हेक्टेयर रखी गई है. इसके अलावा लखूली लघु सिंचाई योजना है. जिनके अनुमान लागत 3071.30 लाख है.प्रस्तावित क्षेत्र 788.00 हेक्टयर है. इसमें लाभान्वित कृषकों की संख्या 650 है. धौखेड़ा लघु सिंचाई योजना है.जिसकीअनुमानित लागत 2088.75 लाख प्रस्तावित है.सिंचित क्षेत्र 450.00 हेक्टयर है.लाभान्वित ग्राम धौखेडा, पिपरिया, रहीश नगर सहित अन्य ग्राम है इसमें लाभान्वित कृषकों की संख्या 250 लागत प्रति हेक्टयर 4.53 लाख प्रति हेक्ट है.इसके अलावा मोहम्मदगढ़ लघु सिंचाई योजना है.जिसकीअनुमानित लागत 2564.96 लाख है.प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र 570.00 हेक्टयर है.इसमें लाभान्वित ग्राम मोहम्मदगढ़, चिकली, चिरावटा आदि हैं.जिसमें कृषकों की संख्या 450 है.

### सड़कों की करो मरम्मत

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान जल मिशन के कार्यो का जायजा लिया. उन्होंने निर्देश दिए है कि जल मिशन के द्वारा नल से घर तक जल पहुंचाने के कार्यो को संपादित कराने हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्यो के दौरान सड़को को जो क्षति पहुंचाई गई है वह मरम्मत की गई है कि नहीं का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित विभागो के अधिकारियों को दिए गए है. कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जल निगम के कार्यो से ग्रामीणजनों को गांव के अन्दर आवागमन में दिक्कत ना हो. मार्ग कीचड़ रहित हो इसके लिए लोक निर्माण विभाग, आरईएस और पीएमजीएसबाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय सडको का आंकलन करें और क्षतिग्रस्त हुई सड़को की जानकारी उपलब्ध कराएं. उन्होंने आगामी टीएल बैठक में समुचित जानकारियों सहित उपस्थित होने के निर्देश विभागों के अधिकारियों और जल निगम के अधिकारियों को दिए है.







वफादारी

**शौच को गए अर्जुन सिंह पर हुआ हमला, रायसेन अस्पताल में भर्ती**

# कुत्ते ने दिखाई वफादारी, तेंदुये से भिड़कर बचाई मालिक की जान

**नवभारत न्यूज**
**सांची, क्षेत्र में वन्य जीवों की बढ़ती सक्रियता अब आम जनजीवन के लिए खतरा बनती जा रही है. सोमवार सुबह पग्नेश्वर गांव के पास स्थित करारिया टोला में तेंदुए ने एक ग्रामीण पर उस वक्त हमला कर दिया जब वह जंगल की ओर शौच के लिए गया था.**



घायल अर्जुन सिंह (40) के साथ उसका पालतू कुत्ता भी था, जिसने तेंदुए पर झपटकर अपने मालिक को बचाने का प्रयास किया.कुत्ते की बहादुरी के बावजूद अर्जुन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल रायसेन जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है.घायल अर्जुन सिंह ने बताया कि मैं शौच के लिए गया था कि तभी अचानक तेंदुए ने मुझ पर हमला कर दिया, जिससे मैं घायल हो गया.सूचना मिलने पर सांची पुलिस व वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू की गई.वन विभाग के रेंज अधिकारी प्रवेश पाटीदार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही हमारी टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है.गौरतलब है कि हाल ही में दीवानगंज क्षेत्र के नरखेड़ा गांव की पहाड़ी पर शेर जैसे वन्य जीवों के देखे जाने की पुष्टि हुई थी.लगातार बढ़ रही वन्य जीवों की आवाजाही अब रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंच रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है.ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके.

